आर्थिक समीक्षा 2022-23

अध्याय:-1. वृहद् आर्थिक प्रवृतियों का परिदृश्य

सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी.एस.डी.पी.)

- राज्य अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत बिना दोहरी गणना किए हुए एक निश्चित अवधि में उत्पादित समस्त वस्तुओं एवं सेवाओं के मौद्रिक मूल्यों के योग को सकल राज्य घरेलू उत्पाद कहा जाता है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद अनुमानों को प्रचलित एवं स्थिर दोनों कीमतों पर अनुमानित किया जाता है।

सकल राज्य घरेलू उत्पाद प्रचलित कीमतों पर

- प्रचलित कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान ज्ञात करने के लिए वर्ष के दौरान उत्पादित विभिन्न उत्पादों को प्रचलित मूल्यों के आधार पर मूल्यांकित किया जाता हैं। प्रचलित कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद अनुमान, समय के साथ वास्तविक आर्थिक विकास को प्रकट नहीं करता है क्योंकि इसमें निम्न का सामूहिक प्रभाव सम्मिलित हैं- (i) वस्तुओं एवं सेवाओं की मात्रा में परिवर्तन तथा (ii) वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य में परिवर्तन।
- अग्रिम अनुमानों के अनुसार, सांकेतिक अथवा प्रचलित कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 2022-23 में **₹14.14 लाख करोड़** सम्भावित है, जोकि वर्ष 2021-22 में ₹12.18 लाख करोड़ था। यह वर्ष 2021-22 के 19.50 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में वर्ष 2022-23 में **16.04 प्रतिशत** की वृद्धि दर्शाता है।
- अग्रिम अनुमानों के अनुसार, सांकेतिक अथवा प्रचलित मूल्यों पर अखिल भारत का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2022-23 में ₹273.08 लाख करोड़ सम्भावित है जो **15.4 प्रतिशत** की वृद्धि को दर्शाता है। इसी अवधि के दौरान राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद का अंश, अखिल भारतीय सकल घरेलू उत्पाद से 5.18 प्रतिशत तक पहुँचने की सम्भावना है।

राजस्थान का सकल राज्य घरेलू उत्पाद एवं भारत का सकल घरेलू उत्पाद
(प्रचलित मूल्यों पर)

वर्ष	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23 (₹ करोड़)
जी.एस.डी.पी.-राजस्थान	911519	998679	1019442	1218193	1413620
वृद्धि दर (%)	9.49	9.56	2.08	19.50	**16.04**
जी.डी.पी.-अखिल भारत	18899668	20074856	19800914	23664637	27307751
वृद्धि दर (%)	10.6	6.2	-1.4	19.5	**15.4**

राजस्थान के लिए वर्ष 2020-21- संशोधित अनुमान- II, वर्ष 2021-22-संशोधित अनुमान-I और वर्ष 2022-23 अग्रिम अनुमान
अखिल भारत के लिए वर्ष 2021-22 प्रावधानिक अनुमान और वर्ष 2022-23 प्रथम अग्रिम अनुमान

प्रचलित बुनियादी मूल्यों पर सकल राज्य मूल्य वर्धन

- प्रचलित मूल्यों पर सकल राज्य मूल्य वर्धन वर्ष 2021-22 में ₹11.34 लाख करोड़ की तुलना में वर्ष 2022-23 में ₹13.11 लाख करोड़ रहने का अनुमान है, जो वर्ष 2021-22 में **18.57 प्रतिशत** वृद्धि की तुलना में वर्ष 2022-23 में **15.57 प्रतिशत** की वृद्धि दर्शाता है।
- वर्ष 2022-23 में वर्ष 2021-22 की तुलना में क्षेत्रवार प्रतिशत विचलन कृषि क्षेत्र में 13.84 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र में **15.02 प्रतिशत** तथा सेवा क्षेत्र में **17.11 प्रतिशत** है।

प्रचलित बुनियादी मूल्यों पर क्षेत्रवार सकल राज्य मूल्य वर्धन

वर्ष	2021-22	2022-23 (अ) (₹ करोड़)	प्रतिशत में
कृषि क्षेत्र [फसल, पशुपालन, वानिकी तथा मत्स्य]	333313	379439	28.95%
उद्योग क्षेत्र [खनन, विनिर्माण, विद्युत, गैस तथा जलापूर्ति एवं उपचारात्मक सेवाएं तथा निर्माण क्षेत्र]	311283	358034	27.31%
सेवा क्षेत्र [व्यापार, होटल एवं रेस्टोरेन्ट, परिवहन, भण्डारण एवं संचार, वित्तीय सेवाएं, स्थावर सम्पदा, गृह स्वामित्व, पेशेवर सेवाएं, लोक प्रशासन, रेलवे]	489518	573277	43.74%

वर्ष 2020-21- संशोधित अनुमान- II, वर्ष 2021-22-संशोधित अनुमान- I और वर्ष 2022-23 अग्रिम अनुमान

सकल राज्य घरेलू उत्पाद स्थिर (2011-12) कीमतों पर

- सकल राज्य घरेलू उत्पाद अनुमानों में मूल्य परिवर्तन/ मुद्रास्फीति के प्रभाव को शून्य करने के लिए, वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य की गणना हेतु आधार वर्ष के रूप में निश्चित वर्ष की कीमतों का उपयोग करके स्थिर मूल्यों पर जी.एस.डीपी की गणना की जाती है।
- अग्रिम अनुमानों के अनुसार वर्ष 2022-23 में वास्तविक/ स्थिर (2011-12) कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद **₹7.99 लाख करोड़** होने का अनुमान है, जो वर्ष 2021-22 में ₹7.39 लाख करोड़ था, जो कि वर्ष 2022-23 में **8.19 प्रतिशत** की वृद्धि दर्शाता है।

- अग्रिम अनुमानों के अनुसार भारत का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2022-23 में वास्तविक/स्थिर (2011-12) कीमतों पर ₹157.60 लाख करोड़ होने का अनुमान है, जो 7.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसी वर्ष में राजस्थान का सकल राज्य घरेलू उत्पाद का अंश, अखिल भारतीय सकल घरेलू उत्पाद से 5.07 प्रतिशत तक पहुँचने की सम्भावना है।

राजस्थान का सकल राज्य घरेलू उत्पाद एवं भारत का सकल घरेलू उत्पाद
(स्थिर 2011-12 मूल्यों पर)

वर्ष	2020-21	2021-22 (₹ करोड़)	2022-23 (अ)
जी.एस.डी.पी.-राजस्थान	663515	738922	799449
वृद्धि दर (%)	-1.96	11.36	8.19
जी.डी.पी.-अखिल भारत	13558473	14735515	15760363
वृद्धि दर (%)	-6.6	8.7	7.0

राजस्थान के लिए वर्ष 2020-21- संशोधित अनुमान-II, वर्ष 2021-22-संशोधित अनुमान-I और वर्ष 2022-23 अग्रिम अनुमान
अखिल भारत के लिए वर्ष 2021-22 प्रावधानिक अनुमान और वर्ष 2022-23 प्रथम अग्रिम अनुमान

सकल राज्य मूल्य वर्धन स्थिर (2011-12) बुनियादी मूल्यों पर

- वास्तविक सकल राज्य मूल्य वर्धन स्थिर (2011-12) बुनियादी मूल्यों पर वर्ष 2021-22 में ₹6.80 लाख करोड़ की तुलना में वर्ष 2022-23 में **₹7.33 लाख करोड़** रहने का अनुमान है, जो कि वर्ष 2022-23 में 7.88 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।
- कृषि क्षेत्र, जिसमें फसल, पशुपालन, वानिकी तथा मत्स्य क्षेत्र सम्मिलित हैं, का सकल राज्य मूल्य वर्धन में वर्ष 2022-23 में **28.50 प्रतिशत** रहने की संभावना है। वर्ष 2022-23 में इस क्षेत्र का सकल राज्य मूल्य वर्धन **₹2,08,989 करोड़** अनुमानित किया गया है, जो गत वर्ष से 5.22 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।
- उद्योग क्षेत्र में खनन, विनिर्माण, विद्युत, गैस, जलापूर्ति एवं उपचारात्मक सेवाएं तथा निर्माण क्षेत्र सम्मिलित हैं, का सकल राज्य मूल्य वर्धन में वर्ष 2011-12 से योगदान 32.69 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2022-23 में **27.76 प्रतिशत** रह गया है। वष 2022-23 में इस क्षेत्र का सकल राज्य मूल्य वर्धन **₹2,03,576 करोड़** अनुमानित किया गया है, जो गत वर्ष से 6.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।
- सेवा क्षेत्र जिसमें व्यापार, होटल एवं रेस्टोरेन्ट, परिवहन, भण्डारण एवं संचार, वित्तीय सेवाएं, स्थावर सम्पदा, गृह स्वामित्व, पेशेवर सेवाएं, लोक प्रशासन, रेलवे तथा अन्य सेवाएं सम्मिलित हैं, का सकल राज्य मूल्य वर्धन में वर्ष 2011-12 से योगदान 38.75 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में **43.74 प्रतिशत** हो गया है। वर्ष 2022-23 में इस क्षेत्र का सकल राज्य मूल्य वर्धन **₹3,20,708 करोड़** अनुमानित किया गया है, जो गत वर्ष से **10.74 प्रतिशत** की वृद्धि दर्शाता है।

शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद (एन.एस.डी.पी.)

- सकल घरेलू उत्पाद समंको में से स्थाई पूंजीगत उपभोग को घटाकर शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद का अनुमान प्राप्त किया जाता है। स्थाई पूंजी उपभोग, पूंजीगत स्कन्ध के उस हिस्से के प्रतिस्थापन मूल्य को मापता है, जिसका उपयोग वर्ष के दौरान उत्पादन प्रक्रिया में किया जाता है।

शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद प्रचलित कीमतों पर

- अग्रिम अनुमानों के अनुसार, प्रचलित कीमतों पर शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 2022-23 में **₹12.60 लाख करोड़** रहने का अनुमान है, जो वर्ष 2021-22 में **₹10.85 लाख करोड़** था। यह वर्ष 2022-23 में 16.10 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है।

शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद स्थिर (2011-12) कीमतों पर

- वर्ष 2022-23 के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद स्थिर (2011-12) कीमतों पर वर्ष 2022-23 में **₹6.95 लाख करोड़** रहने का अनुमान है, जो वर्ष 2021-22 में **₹6.43 लाख** करोड़ था। यह वर्ष 2022-23 में 8.11 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

राजस्थान का शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद

वर्ष	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23 (अ) (₹ करोड़)
प्रचलित कीमतों पर	819185	898116	907861	1084845	1259527
वृद्धि दर	9.45	9.64	1.09	19.49	16.10
स्थिर (2011.12) कीमतों पर	568452	596689	576789	642668	694771
वृद्धि दर (%)	1.94	4.97	-3.34	11.42	8.11

वर्ष 2020-21- संशोधित अनुमान- II, वर्ष 2021-22-संशोधित अनुमान-I, और वर्ष 2022-23 अग्रिम अनुमान

प्रति व्यक्ति आय

- प्रति व्यक्ति आय की गणना शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद को राज्य की मध्यवर्षीय कुल जनसंख्या से विभाजित कर प्राप्त की जाती है। प्रति व्यक्ति आय लोगों के जीवन स्तर एवं कल्याण का सूचक है।



प्रति व्यक्ति प्रचलित कीमतों पर

- प्रति व्यक्ति आय प्रचलित कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में **₹1,35,962** की तुलना में अग्रिम अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2022-23 में **₹1,56,149** अनुमानित है, जो गत वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2022-23 में **14.85 प्रतिशत** की वृद्धि दर्शाती है।

प्रति व्यक्ति आय स्थिर (2011-12) कीमतों पर

- स्थिर (2011-12) कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में **₹80,545** की तुलना में अग्रिम अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2022-23 में **₹86,134** अनुमानित है, जो गत वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2022-23 में 6.94 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है।
- प्रचलित कीमतों पर वर्ष 2021-22 के अन्त में कुल सम्पत्तियाँ ₹3,46,844 करोड़ अनुमानित की गई हैं, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद (₹12,18,193 करोड़) का **28.47 प्रतिशत** है। वर्ष 2021-22 में सकल स्थाई पूंजी निर्माण में गत वर्ष 2020-21 की तुलना में **26.63 प्रतिशत** की वृद्धि हुई। **सकल स्थाई पूंजी निर्माण में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र** का योगदान वर्ष 2021-22 में क्रमशः 76.19 एवं **23.81 प्रतिशत** रहा है।

क्षेत्रवार सकल स्थाई पूँजी निर्माण (प्रावधानिक)

क्र. सं.	क्षेत्र/वर्ष	2019-20	2020-21	2021-22 (₹ करोड़)
1.	कृषि	9095	9892	11816
2.	वानिकी	98	131	363
3.	मत्स्य	2	1	4
4.	खनन	2613	2630	2629
5.	पंजीकृत विनिर्माण	15701	15601	19419
6.	निर्माण	105530	104585	137180
7.	विद्युत, गैस एवं जलापूर्ति	6159	17901	20930
8.	रेलवे	1222	296	1051
9.	संचार	15136	15002	15815
10.	अपंजीकृत विनिर्माण, ट्रेड, होटल एवं रेस्टोरेंट, अन्य यातायात एवं अन्य सेवा	10903	10523	13983
11.	वित्तीय सेवाएं	1731	1322	1489
12.	आवासीय भवन	66405	62869	80868
13.	लोक प्रशासन	33518	33157	41296
	योग	**278112**	**273910**	**346844**

योग का मिलान पूर्णांकन के कारण नहीं हैं।

राजस्थान में मूल्य सांख्यिकी

- आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के द्वारा साप्ताहिक आधार पर वस्तुओं के थोक एवं खुदरा भावों का सन् 1957 से राज्य के चयनित केन्द्रों से नियमित संग्रहण किया जा रहा है। औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक श्रम ब्यूरो, शिमला के द्वारा तैयार कर जारी किए जा रहे हैं।

राजस्थान के थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू.पी.आई.)

(आधार वर्ष 1999-2000=100)

- थोक मूल्य सूचकांक एक ऐसा सामान्य सूचकांक है जो व्यापक रूप से मूल्यों के उतार-चढ़ाव को व्यक्त करता है और सभी प्रकार के व्यापार एवं लेनदेनों में वस्तुओं के मूल्य के परिवर्तन को व्यक्त करने का संकेतक है।
- राजस्थान सरकार द्वारा थोक मूल्य सूचकांक को मासिक आधार पर जारी किया जाता है। इसमें **154 वस्तुओं** को सम्मिलित किया गया है, जिसमें से 75 प्राथमिक वस्तु समूह में, **69 विनिर्मित उत्पाद समूह** में तथा 10 **ईंधन, शक्ति, प्रकाश** एवं उपस्नेहक समूह में सम्मिलित हैं। प्राथमिक वस्तु समूह को **33.894, विनिर्मित** उत्पाद समूह को 49.853 तथा ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक वर्ग को **16.253 भारांकन** दिया गया है।
- राज्य का सामान्य थोक मूल्य सूचकांक वर्ष 2021 में 363.23 से बढ़कर वर्ष 2022 (नवम्बर माह तक) में **385.45** रहा है, जो कि 6.12 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। वर्ष के दौरान इसी अवधि में वार्षिक आधार पर प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक 378.22 से बढकर **415.73, ईंधन**, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह का सूचकांक 569.93 से बढकर **576.77** एवं विनिर्मित उत्पाद समूह का सूचकांक 285.65 से बढ़कर **302.49** रहा है।
- गत वर्ष की तुलना में माह नवम्बर, 2022 तक प्राथमिक वस्तु समूह, ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह एवं विनिर्मित उत्पाद समूह के सूचकांक में क्रमशः 9.92,1.20 एवं 5.90 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक वर्ष 2021 में 135.0 से बढ़कर वर्ष 2022 (नवम्बर माह तक) में 151.3 हो गया, जिसमें 12.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक

	वृहद्-समूह	वार्षिक औसत सूचकांक				
		2019	2020*	2021	2022**	
1.	**प्राथमिक वस्तुएं**	317.48	331.49	378.22	415.73	
(अ)	कृषि वस्तुएं	314.89	328.58	377.10	414.82	
(ब)	खनिज	337.05	353.47	386.65	422.64	
2.	**ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक**	461.22	509.26	569.93	576.77	
3.	विनिर्मित उत्पाद	256.74	272.27	285.65	302.49	
	समस्त वस्तुऐं	**310.56**	**330.86**	**363.23**	**385.45**	

*(माह अप्रेल एवं मई, 2020 का थोक मूल्य सूचकांक कोरोना-19 महामारी के कारण जारी नहीं किया जा सका)
**(जनवरी से नवम्बर, 2022) औसत सूचकांक

राज्य के समूहवार थोक मूल्य सूचकांक में प्रतिशत परिवर्तन

(आधार वर्ष 1999-2000=100)

	वृहद्-समूह	वार्षिक औसत प्रतिशत परिवर्तन (वर्ष दर वर्ष आधारित)			
		2019	2020*	2021	2022*
1.	प्राथमिक वस्तुएं	6.15	4.41	14.10	9.92
(अ)	कृषि वस्तुएँ	6.43	4.35	14.77	10.00
(ब)	खनिज	4.26	4.87	9.39	9.31
2.	ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक	-0.55	10.42	11.91	1.20
3.	विनिर्मित उत्पाद	3.62	6.05	4.91	5.90
	समस्त वस्तुऐं	**3.43**	**6.54**	**9.78**	**6.12**

*(माह अप्रेल एवं मई, 2020 का थोक मूल्य सूचकांक कोरोना-19 महामारी के कारण जारी नहीं किया जा सका)
**(जनवरी से नवम्बर, 2022) औसत सूचकांक

औद्योगिक श्रमिकों का वर्षवार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

वर्ष	अलवर		भीलवाड़ा		जयपुर		अखिल भारत	
	सूचकांक	पिछले वर्ष से प्रतिशत परिवर्तन	सूचकांक	पिछले वर्ष से प्रतिशत परिवर्तन	सूचकांक	पिछले वर्ष से प्रतिशत परिवर्तन	सूचकांक	पिछले वर्ष से प्रतिशत परिवर्तन
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**
2021	120.9	2.37	118.5	1.98	115.8	1.31	122.0	2.43
2022*	**126.2**	**4.38**	**126.7**	**6.92**	**122.8**	**6.04**	**128.9**	**5.66**

* औसत (माह नवम्बर, 2022 तक)
\# सितम्बर से दिसम्बर, 2020

कृषि श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
(सी.पी.आई.-ए.एल.) (आधार वर्ष 1986-87=100)

- श्रम ब्यूरो, शिमला द्वारा कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण श्रमिकों के लिए भी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधार वर्ष 1986-87=100 पर तैयार किए जाते हैं। राजस्थान राज्य एवं अखिल भारत स्तर पर वर्ष 2018-19 से कृषि श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक तालिका 1.11 में दर्शाये गए हैं।

कृषि श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

वर्ष	राजस्थान		अखिल भारत		
	खाद्य समूह	सामान्य सूचकांक	खाद्य समूह	सामान्य सूचकांक	
2020-21	1038	1087	994	1042	
2021-22	1108	1151	1026	1092	
2022-23*	**1219**	**137**	**1079**	**1149**	

* माहवार औसत (जुलाई से नवम्बर, 2022)

सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (ग्रामीण, शहरी एवं संयुक्त)
(आधार वर्ष 2012=100)

- राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एन.एस.ओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा ग्रामीण, शहरी तथा संयुक्त के लिए अखिल भारत तथा राज्य क्षेत्र के लिए अलग-अलग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक नवीन आधार वर्ष 2012 के आधार पर माह जनवरी, 2011 से जारी किए जा रहे हैं।

ग्रामीण, शहरी एवं संयुक्त के लिए सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
(आधार वर्ष 2012=100)

	राजस्थान			अखिल भारत		
वर्ष	**ग्रामीण**	**शहरी**	**संयुक्त**	**ग्रामीण**	**शहरी**	**संयुक्त**
2020$	153.11	152.38	152.84	154.54	152.27	153.47
2021	157.85	157.73	157.81	161.89	160.73	161.35
2022*	**168.71**	**167.69**	**168.35**	**172.76**	**170.75**	**171.83**

$ राजस्थान का माह अप्रेल एवं मई, 2020 का सूचकांक कोविड महामारी के कारण जारी नहीं किया गया।
* नवम्बर, 2022 तक का औसत

- राजस्थान में कुल बैंक शाखा:- 7987
  (i) निजी क्षेत्र के बैंक - 1688 (ii) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक - 4195 (iii) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक - 1590
  (iv) लघु वित्त बैंक - 469 (v) विदेशी बैंक - 9 (vi) भुगतान बैंक - 36
- **डिजिटल भुगतान**- नीति आयोग, भारत सरकार ने डिजिटल भुगतान के 5 प्रकार सुझाए हैं जो कि यूएसएसडी (*99#बैकिंग), आधार सक्षम भुगतान, वॉलेट, रूपे/डेबिट/क्रेडिट/प्री पेड कार्ड और यूनिफाईड़ पेमेन्ट इंटरफेस (यूपीआई) हैं।
- प्रदेश के चार जिलों अजमेर, धौलपुर को वर्ष 2021-22 तथा जैसलमेर, सिरोही को वर्ष 2022-23 में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन के लिए चयनित किया गया है।

अध्याय:-2. कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र

	2021-22	2022-23	वृद्धि दर	वार्षिक वृद्धि [2018-19 से 2022-23 तक]
प्रचलित कीमत	3.33 लाख करोड़	3.79 लाख करोड़	13.84%	14.33%
स्थिर कीमत	1.98 लाख करोड़	2.09 लाख करोड़	5.22%	7.48%

- राजस्थान के जी.एस.वी.ए. में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र का योगदान और इसके उप क्षेत्रों की संरचना राजस्थान के सकल राज्य मूल्य वर्धन (जी.एस.वी.ए.) में प्रचलित मूल्यों पर वर्ष 2011-12 में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र का योगदान **28.56** प्रतिशत था, जो कि बढकर वर्ष 2022-23 में **28.95 प्रतिशत** हो गया। कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र के उप क्षेत्रों में फसल, पशुधन, मत्स्य तथा वानिकी एवं लॉगिंग है।

			वृद्धि
◆ पशुधन क्षेत्र का अंश	-	46.41%	3.91%
◆ फसल क्षेत्र का अंश	-	46.00%	6.39%
◆ वानिकी एवं लॉगिग क्षेत्र का अंश	-	7.20%	5.18%
◆ मत्स्य क्षेत्र का अंश	-	0.39%	17.65%
कुल		=	**5.22%**

- वर्ष 2022-23 में फसल क्षेत्र का प्रचलित मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन ₹ 1.83 लाख करोड़ अनुमानित है। राजस्थान राज्य के फसल क्षेत्र की आय में खरीफ में बाजरा, मूंगफली और मूंग एवं रबी में गेहूं, सरसों और चना फसलों का प्रमुख योगदान है।
- वर्ष 2022-23 में प्रचलित मूल्यों पर पशुधन क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन 1.76 लाख करोड़ अनुमानित है। राजस्थान राज्य में पशुधन क्षेत्र से होने वाली आय में दूध, अण्डे और मांस का प्रमुख योगदान है।
  - ◆ दूध - 82.62%
  - ◆ अण्डे - 40.68%
  - ◆ पोल्ट्री सहित माँस - 5.37%
  - ◆ अन्य - 11.33%

भू-उपयोग

- राज्य का कुल प्रतितवेदित क्षेत्रफल वर्ष 2020-21 में **342.89 लाख हैक्टेयर** है।

◆ वानिकी	- **8.08%**
◆ कृषि के अतिरिक्त अन्य उपयोगी भूमि	- **5.86%**
◆ ऊसर तथा कृषि अयोग्य भूमि	- **6.91%**
◆ स्थायी चारागाह तथा अन्य गोचर भूमि	- **4.86%**
◆ वृक्षों के झुण्ड तथा बाग	- **0.09%**
◆ बंजर भूमि	- **10.87%**
◆ अन्य चालू पड़त भूमि	- **6.10%**
◆ चालू पड़त	- **4.89%**
◆ शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल	- **52.34%**

प्रचलित जोत धारक

- राज्य के कृषि गणना, 2015-16 के अनुसार यह 10वीं कृषि गणना है।

जोत का प्रारूप	क्षेत्रफल	प्रतिशत
सीमान्त	1 हैक्टेयर से कम	40.12%
लघु	1-2 हैक्टेयर	21.90%
अर्द्ध माध्यम	2-4 हैक्टेयर	18.50%
मध्यम	4-10 हैक्टेयर	14.79%
बड़े आकार की जोत	10 हैक्टेयर से अधिक	4.65%

	2010-11	2015-16
◆ कुल जोत का क्षेत्रफल	211.36 लाख हेक्टेयर	208.73 लाख हे० = -2.24% कमी
◆ कुल जोतो की संख्या	68.88 लाख	= 76.55 लाख हे० =+ 11.14%, वृद्धि
◆ औसत जोत का आकार	3.07 हे०	= 2.73 हे०

- **महिला जोत धारक**

	2010-11	2015-16	
कुल जोत का क्षेत्रफल	13.40 लाख हे०	16.53 लाख हे०	24.44% वृद्धि
कुल जोतों की संख्या	5.46 लाख	7.75 लाख	41.91% वृद्धि

महिला औसत जोत का क्षेत्रफल = 2.13 हैक्टेयर

मानसून

- राज्य में मानसून के पहुँचने की सामान्य तिथि 15 जून है, जबकि इस वर्ष राज्य में मानसून 5 दिन पूर्व 10 जून से प्रारम्भ होकर जुलाई, 2022 के प्रथम सप्ताह तक सम्पूर्ण राज्य में सक्रिय हुआ।
- राज्य में 1 जून से 30 सितम्बर, 2022 तक की समयावधि में वास्तविक वर्षा **594.20 मिमी.** दर्ज की गई, जो कि सामान्य वर्षा 430.80 मिमी. की तुलना में 37.93 प्रतिशत अधिक रही है।
- राजस्थान के अधिकांश जिलों में पूरे मानसून सत्र 2022 में असामान्य, सामान्य से अधिक या सामान्य वर्षा हुई है।

राज्य में खरीफ और रबी फसलों का क्षेत्रफल एवं उत्पादन

उत्पादन [लाख मैट्रिक टन में]

फसल	2020-21	2021-22	2022-23
(अ) अनाज	233.58	**191.00**	**206.57**
खरीफ	97.62	72.74	**77.84**
रबी	135.96	118.26	**128.73**
(ब) दलहन	39.66	40.52	**47.42**
खरीफ	19.29	13.08	**20.14**
रबी	20.37	27.44	**27.28**
(अ+ब) खाद्यान्न	273.24	231.52	**253.99**
खरीफ	116.91	85.82	**97.98**
रबी	156.33	145.70	**156.01**
(स) तिलहन	80.54	102.68	**99.78**
खरीफ	34.41	28.92	**33.64**
रबी	46.13	73.76	**66.14**
(द) गन्ना	3.94	3.21	**2.18**
(य) कपास (रूई)*	32.07	24.82	**25.53**

* उत्पादन लाख गांठों में (प्रत्येक गांठ में 170 किलो)।

कृषि उत्पादन

- प्रारम्भिक पूर्वानुमान के अनुसार राज्य में वर्ष 2022-23 में **खाद्यान्न का कुल उत्पादन 253.99 लाख मैट्रिक टन** होने की सम्भावना है, जो कि गत वर्ष के 231.52 लाख मैट्रिक टन की तुलना में **9.71 प्रतिशत** अधिक है।
- वर्ष 2022-23 में खरीफ खाद्यान्न का उत्पादन 97.98 लाख मैट्रिक टन होने की सम्भावना है, जो कि गत वर्ष के 85.82 लाख मैट्रिक टन की तुलना में **14.17 प्रतिशत** अधिक है। वर्ष 2022-23 में रबी खाद्यान्न का उत्पादन 156.01 लाख मैट्रिक टन होना अनुमानित है, जो कि गत वर्ष 2021-22 में 145.70 लाख मैट्रिक टन की तुलना में **7.08 प्रतिशत** की वृद्धि दर्शाता है।

विभिन्न कृषि फसलों में राजस्थान का स्थान

- वर्ष 2020-21 में राजस्थान देश में बाजरा, सरसों, पोषक अनाज, कुल तिलहन एवं ग्वार फसलों के उत्पादन में प्रथम स्थान, कुल दलहन एवं मूंगफली के उत्पादन में द्वितीय स्थान एवं चना, ज्वार व सोयाबीन के उत्पादन में तृतीय स्थान पर रहा है।

क्र.सं.	फसल	प्रथम स्थान	द्वितीय स्थान	तृतीय स्थान	राजस्थान का देश के कुल उत्पादन में योगदान (प्रतिशत में)
1.	बाजरा	राजस्थान	उत्तर प्रदेश	हरियाणा	41.71
2.	सरसों	राजस्थान	मध्य प्रदेश	हरियाणा	44.57
3.	पोषक अनाज	राजस्थान	कर्नाटक	महाराष्ट्र	16.30
4.	कुल तिलहन	राजस्थान	महाराष्ट्र	मध्य प्रदेश	22.00
5.	कुल दलहन	मध्य प्रदेश	राजस्थान	महाराष्ट्र	16.75
6.	मूंगफली	गुजरात	राजस्थान	तमिलनाडु	18.91
7.	चना	मध्य प्रदेश	महाराष्ट्र	राजस्थान	19.37
8.	ज्वार	महाराष्ट्र	कर्नाटक	राजस्थान	12.35
9.	सोयाबीन	महाराष्ट्र	मध्य प्रदेश	राजस्थान	8.49
10.	ग्वार*	राजस्थान	-	-	84.60

स्त्रोत:- भारत सरकार द्वारा प्रकाशित कृषि सांख्यिकी एक नजर में वर्ष 2021 के आधार पर। * ग्वार फसल में वर्ष 2019-20 की स्थिति।

कृषि जलवायुवीय क्षेत्रवार मुख्य फसलें

- राज्य का उत्तरी-पश्चिमी भाग जो कुल क्षेत्रफल का लगभग **61** प्रतिशत मरूस्थलीय या अर्द्ध मरूस्थलीय है, जो वर्षा पर निर्भर है। राज्य का दक्षिणी-पूर्वी क्षेत्र, जो कुल क्षेत्रफल का लगभग **39** प्रतिशत है, उपजाऊ है। राज्य को जलवायु के आधार पर **10 कृषि जलवायु** क्षेत्रों में विभाजित किया गया है।

राज्य के कृषि जलवायुवीय क्षेत्र

क्र. सं.	जलवायु क्षेत्र	सम्मिलित जिले	मुख्य फसलें	
			खरीफ	रबी
1.	शुष्क पश्चिमी मैदानी क्षेत्र (I-A)	बाड़मेर एवं जोधपुर	बाजरा, मोठ एवं तिल	गेहूं, सरसों एवं जीरा
2.	उत्तरी पश्चिमी सिंचित मैदानी क्षेत्र (I-B)	श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़	कपास एवं ग्वार	गेहूं, सरसों एवं चना
3.	अति शुष्क आंशिक सिंचित पश्चिमी मैदानी क्षेत्र (I-C)	बीकानेर, जैसलमेर एवं चुरू	बाजरा, मोठ एवं ग्वार	गेहूं, सरसों एवं चना
4.	अन्त: स्थलीय जलोत्सरण के अन्तवर्ती मैदानी क्षेत्र (II-A)	नागौर, सीकर, झुन्झुनू एवं चुरू जिले का भाग	बाजरा, ग्वार एवं दलहन	सरसों एवं चना
5.	लूनी नदी का अन्तवर्ती मैदानी क्षेत्र (II-B)	जालौर, पाली, सिरोही एवं जोधपुर जिले का भाग	बाजरा, ग्वार एवं तिल	गेहूं एवं सरसों
6.	अर्द्ध शुष्क पूर्वी मैदानी क्षेत्र (III-A)	जयपुर, अजमेर, दौसा एवं टोंक	बाजरा, ग्वार एवं ज्वार	गेहूं, सरसों एवं चना
7.	बाढ सम्भाव्य पूर्वी मैदानी क्षेत्र (III-B)	अलवर, धौलपुर, भरतपुर, करौली एवं सवाईमाधोपुर	बाजरा, ग्वार एवं मूंगफली	गेहूं, जौ, सरसों एवं चना
8.	अर्द्ध आर्द्र दक्षिणी मैदानी क्षेत्र (IV-A)	भीलवाड़ा, राजसमन्द, चित्तौड़गढ, उदयपुर एवं सिरोही जिलें का भाग	मक्का, दलहन एवं ज्वार	गेहूं एवं चना
9.	आर्द्र दक्षिणी मैदानी क्षेत्र (IV-B)	डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ एवं उदयपुर जिलें का भाग	मक्का, चावल, ज्वार एवं उड़द	गेहूं एवं चना
10.	आर्द्र दक्षिणी पूर्वी मैदानी क्षेत्र (V)	कोटा, झालावाड़, बून्दी, बारां एवं सवाई माधोपुर जिले का भाग	ज्वार एवं सोयाबीन	गेहूं एवं सरसा

- **भू-जल**
  - भू-जल आंकलन रिपोर्ट 2021 के अनुसार, राज्य का 78% क्षेत्र अतिदोहित श्रेणी के अंतर्गत आता है एवं राज्य के कुल भू-जल दोहन की दर **150%** है।
  - वर्ष 2023-23 में किसानों के लिए 126 नलकूप, 192 हैण्डपम्प, बोरवेल एवं 21 पिजोमीटर को स्थापित किया गया है।

पशु पालन

- पशुगणना 2019 के अनुसार - 568.01 लाख पशुधन [देश का कुल 10.60%]
- देश के दुग्ध उत्पादन 14.63%
- ऊन उत्पादन - 42%
- 146.23 लाख कुक्कुट

देश के पशुधन में राजस्थान का हिस्सा

- 7% गौवंश
- 12% भैस
- 14% बकरिया
- 17% भेड़
- 11% भेड़ और
- 84% ऊँट

उत्पादन

- दुध- 33265 हजार टन
- अण्डे- 2688 [10 लाख]
- माँस- 221 हजार टन
- ऊन- 156 लाख किग्रा.

- वर्ष 2022-23 के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा उठाए गए प्रमुख कदम
  - जयपुर में एक आधुनिक जैव सुरक्षा प्रयोगशाला 3 स्वीकृत की गई है।
  - नाथद्वारा-राजसमंद में एक किसान प्रशिक्षण संस्थान स्वीकृत किया गया है।
  - पशुधन नि:शुल्क आरोग्य योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में पशुओं के उपचार हेतु 143.15 करोड़ रु. के व्यय से 138 प्रकार की औषधियाँ टीकें

डेयरी विकास

- राजस्थान में डेयरी विकास कार्यक्रम, सहकारी समितियों के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है।
- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत नवरम्बर, 2022 तक
- (i) 17,463 दुग्ध सहकारी समिति
  (ii) 24 जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ
  (iii) राजस्थान सहकारी डेयरी फेडरेशन, जयपुर

- **राज्य सरस सुरक्षा कवच बीमा योजना [6वाँ चरण]**
  - 1 जनवरी, 2022 से लागू
  - दुग्ध उत्पादक की दुघ्रटना, मृत्यु एवं पूर्ण स्थायी विकलांगता पर 5 लाख का बीमा तथा आंशिक स्थायी विकलांगता पर 2.50 लाख रु. का बीमा राशि देय है।
  - **सरस सामूहिक आरोग्य बीमा योजना**- जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघों द्वारा दुग्ध उत्पादकों का बीमा किया जाता है।
  - इसका 17वाँ चरण 15 अक्टूबर, 2022 को प्रारंभ किया गया।

मत्स्य

- जल संसाधनों के आधार पर राजस्थान देश में 10वें स्थान पर है।
- राजस्थान में 80 हजार मैट्रिक टन से अधिक वार्षिक मत्स्य उत्पादन क्षमता है। लेकिन वर्ष 2022-23 में 34336 मैट्रिक टन उत्पादन हुआ।
- आदिवासी मछुआरों के उत्थान हेतु '**आजीविका मॉडल**' जो शून्य राजस्व मॉडल है राज्य के 3 जलाशयों यथा जयसमंद [उदयपुर], माही बजाज सागर [बाँसवाड़ा] एवं कनाडा बैंक वाटर [डूँगरपुर] में प्रारम्भ किया गया।
- राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मत्स्य प्रसंस्करण से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए रामसागर [धौलपुर], बीसलपुर [टोंक], राणा प्रताप सागर [रावतभाटा], जबाई बाँध [पाली] एवं राजसमंद [उदयपुर] बाँधों से मत्स्य लॉडिंग केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

वानिकी

- राज्य में कुल घोषित वन क्षेत्र 32,864.62 वर्ग किमी. है, जो की कुल भौगोलिक क्षेत्र का 9.60% है।
- राज्य में वन आच्छाछित क्षेत्र 4.87% है जो कि वन क्षेत्र तथा उसके वाटर अवस्थित हैं।
- भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार '**द्विवर्षीय सर्वेक्षण अवधि 2019-21** में राज्य के वनाच्छादित क्षेत्र में 25.45 वर्ग किमी. की वृद्धि दर्ज की गई हैं।
- औषधीय पौधों के संरक्षण हेतु राज्य में 17 औषधीय पौधा संरक्षित क्षेत्र स्थापित किए गए है।
- राजस्थान में 3 राष्ट्रीय उद्यान, 27 वन्यजीव अभ्यारण्य और 18 संरक्षित क्षेत्र हैं।
- 4 बायोलोजिकल पार्क, जयपुर, उदयपुर, कोटा एवं जोधपुर में विकसित किए गए।

अध्याय:-4. औद्योगिक विकास

- उद्योग क्षेत्र में वर्ष 2022-23 के लिए स्थिर (2011-12) मूल्यों पर **6.32 प्रतिशत** की वृद्धि देखी गयी है।
- उद्योग क्षेत्र के अन्तर्गत खनन एवं उत्खनन, विनिर्माण, विद्युत, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवाएं तथा निर्माण क्षेत्र शामिल हैं। उद्योग क्षेत्र का स्थिर (2011-12) मूल्यों पर सकल राज्य मूल्य वर्धन (जी.एस.वी.ए.) वर्ष 2011-12 में ₹1.36 लाख करोड़ से बढ़कर 2022-23 में ₹2.04 लाख करोड़ हो गया है, जो कि इस अवधि में वार्षिक **3.71 प्रतिशत** (सी.ए.जी.आर.) की वृद्धि को दर्शाता है, जबकि प्रचलित मूल्यों पर जी.एस.वी.ए. वर्ष 2011-12 में ₹1.36 लाख करोड़ से बढ़कर 2022-23 में ₹3.58 लाख करोड़ हो गया है, जो कि इस अवधि में वार्षिक **9.18 प्रतिशत** (सी.ए.जी.आर.) की वृद्धि दर्शाता है।
- औद्योगिक क्षेत्र के उपक्षेत्रों का प्रचलित मूल्यों पर वर्ष 2022-23 [अग्रिम अनुमान] के योगदान-

उपक्षेत्र	योगदान	वृद्धि दर
खनन एवं उत्खनन	- 12.60%	4.99%
विर्निमाण	- 41.26%	9.10%
विद्युत गैस, जलापूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवाएँ	- 13.38%	9.16%
निर्माण	- 32.76%	3.71%

राजस्थान एम.एस.एम.ई. नीति 2022

- सभी श्रेणी के उद्योगों के विकास, निवेश प्रोत्साहन और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से **''राजस्थान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति-2022''** को दिनांक **17 सितम्बर, 2022** को जारी की गई है।
- **उद्देश्य:**- सभी श्रेणी के उद्योगों का विकास करना, रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना, बुनियादी ढाँचे का विकास करना, एम.एस.एम.ई. क्लस्टरों का विकास करना।
- दिसम्बर, 2022 तक कुल 3 लाख 11 हजार नई उद्योग इकाईयों में पंजीकरण कराया। **[उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर]**

राजस्थान हस्तशिल्प नीति 2022

- राजस्थान हस्तशिल्प नीति 2022 की घोषणा की गई।
- हस्तशिल्पियों व बुनकरों को उन्नत तकनीकों व वित्तीय सहायता, विपणन सहायता, विलुप्त होती पारंपरिक कलाओं को पुर्नजीविक करना।

एम-सेण्ड नीति- 2022

- **जारी:**- 25 जनवरी, 2021
- इस नीति को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राज्य में नदी नालों से खनिज बजरी के खनन पर रोक लगाने के पश्चात् खनिज बजरी की माँग और आपूर्ति के अंतर को कम करने के विकल्प के रूप में जारी किया गया है।

प्रावधान:-● एम-सैंड इकाई को उद्योग का दर्जा दिया गया है।

- इस नीति के अंतर्गत राज्य के राजकीय निर्माण कार्यों में न्यूनतम 25% एम-सैंड का उपयोग अनिवार्य है, जिसे उपलब्धता के आधार पर 50% तक बढ़ाया जाना प्रस्तावित हैं।
- खनन क्षेत्र में उपलब्ध ओवरबर्डन से निर्मित एम-सैंड पर देय डीएमएफटी की राशि में 100% छूट का प्रावधान किया गया है।

राजस्थान में खनिज संसाधन

- राजस्थान में उत्पादित कुल **81** के खनिजों के भण्डार है जिसमें से 58 खनिजों का खनन किया जा रहा है।
- धात्विक खनिज कुल **17 खनिज** है जिसमें राजस्थान में एकमात्र उत्पादक **सीसा-जस्ता** तथा अग्रणी उत्पादक चाँदी में है।
- अधात्विक खनिज कुल 39 खनिज है, जिसमें राजस्थान में एकमात्र उत्पादक **सेलेनाइट**, **वोलस्टोनाइट** का होता है। साथ ही सीमेंट ग्रेड, स्टील ग्रेड, लाइम स्टोन में राजस्थान अग्रणी उत्पादक है।
- ईंधन खनिज में कच्चा तेल [दूसरा **सबसे बड़ा उत्पादक** राजस्थान]
- **गौण खनिज** में मार्बल, ग्रेनाइट, सेण्डस्टोन उत्पादन में राजस्थान अग्रणी है।
- **राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2022:**- लागू दिनांक **7 अक्टूबर, 2022** को।
- **उद्देश्य:**- तीव्र स्थाई व संतुलित औद्योगिक विकास के लिए निवेश प्रोत्साहन के लिए प्रमुख संस्था **निवेश संवर्धन** ब्यूरो है।
- विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों का 15% की वार्षिक दर से विकास।
- राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास व विनियोजन निगम लिमिटेड (RIICO) द्वारा 2022-23 के दौरान 8 नये औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया।
- **मुख्यमंत्री लघु वाणिज्यिक वाहन स्वरोजगार योजना**
  - शुरू वर्ष 2022 में
  - **उद्देश्य**- 18 से 45 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों द्वारा आवेदन किया जा सकता है।
  - 15 लाख तक के वाणिज्य वाहन की खरीद पर 10% या 60000 रु. [जो भी कम हो] का अनुदान मिलता हैं।
- **भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी, उद्यम प्रोत्साहन योजना- 2022:**-
  - **उद्देश्य:**- राज्य के गैर-कृषि क्षेत्रों (विनिर्माण, सेवा व व्यापार) के विकास में अनुसूचित जाति वं अनुसूचित जनजाति वर्गों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना।
  - इसमें SC/ST उद्यमियों को **25 लाख रु.** के ऋण पर **9%, 25 लाख से 5 करोड़** तक के ऋण पर **7%** तथा **5 करोड़ रु.** से **10 करोड़ रु.** तक के ऋण पर **6% ब्याज** अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है।
- **निर्यात:**- नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तैयारी सूचकांक 2021 में राजस्थान की रैंक **11वीं** हैं।
- राजस्थान से निर्यात होने वाली शीर्ष पाँच वस्तुओं में इंजीनियरिंग वस्तुएँ, कपड़ा, धातुएँ, हस्तशिल्प वस्तुएँ और रासायनिक एवं सम्बद्ध है, जिनका राज्य में होने वाले निर्यात में **60%** से अधिक योगदान है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल निर्यात **71,999.72 करोड़ रु.** हुआ है।
- **शीर्ष 5 वस्तुएँ**-
  - इंजीनियरिंग - 16.62%
  - कपड़ा - 12.85%
  - धातुएँ - 11.44%
  - हस्तशिल्प - 10.88%
  - रसायन उत्पादन - 9.72%
- **श्रम एवं रोजगार**- राज्य सरकार द्वारा 28 जून, 2022 को अधिसूचना जारी कर 1 जुलाई, 2021 से अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल एवं उच्च कुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी की दरों को संशोधित कर **क्रमशः ₹259, ₹271, ₹283** व **₹333** प्रतिदिन कर दिया गया है।
- ई-श्रम पोर्टल की शुरुआत वर्ष 2021 में असंगठित श्रमिकों का डेटाबेस तैयार करना।

राजस्थान में औद्योगिक पार्क

- स्टोन पार्क - बिशननौद [धौलपुर]
- होजरी पार्क - चौपंकी [भिवाड़ी]
- टेक्सटाइल पार्क - सिलोरा [किशनगढ़]
- मसाला पार्क - कोटा, जोधपुर
- सॉफ्टवेयर पार्क - कनकपुरा [जयपुर]
- हार्डवेयर पार्क - कूकस [जयपुर]
- सेन्ट गोबेन फ्लोट ग्लास संयंत्र - कहरानी [अलवर]

रीको द्वारा 8 नए औद्योगिक क्षेत्र

- तेजपुर [चित्तौड़गढ़]
- केरवा [जैसलमेर]
- खडियाल-बोरानाडा [जोधपुर]
- गोल [नागौर]
- भनियाना [जैसलमेर]
- रामआसपुर [बाँसवाड़ा]
- चटलिया [जोधपुर]
- हरसोर [नागौर]

रीको द्वारा विकसित पार्क

- **एग्रो फूड पार्क - 4**
  (i) बोरानाडा [जोधपुर] (ii) कोटा
  (iii) अलवर (iv) श्रीगंगानगर
- **कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र- तिंवरी [जोधपुर]**
- **जयपुर आर्किटेक्चरल फेस्टिवल 11-12 नवम्बर, 2022 [जयपुर]**
- **इंडिया स्टोन मार्ट 2022 [10-13 नवम्बर, 2022] सीतापुरा (जयपुर)**
- **इन्वेस्ट कनेक्ट प्रोग्राम**
  - **उद्देश्य:**- उद्यमियों से संवाद एवं निवेश को आकर्षित करना है।
  - **आयोजन:**- 7 अप्रैल, 2022 [अलवर]
    ➲ 17 सितम्बर, 2022 जयपुर]
- **इन्वेस्ट राजस्थान समिट**
  - **आयोजन:**- 7-8 अक्टूबर, 2022 [जयपुर]
  - **51 परियोजनाओं** का उद्घाटन किया गया।

अध्याय:-5. आधारभूत संरचना का विकास

- ऊर्जा उत्पादन के प्रमुख स्रोत तापीय संयंत्र, पन बिजली परियोजना, पवन ऊर्जा, बायोमास, कैप्टिव ऊर्जा संयंत्र, अन्तर्राज्यीय भागीदारी परियोजनाएँ और राजस्थान परमाणु ऊर्जा संयंत्र है।
- राज्य में 30 नवम्बर, 2022 तक अधिष्ठापित क्षमता **23,487.46 मेगावाट** हो गई है।
- मार्च 2019 तक ऊर्जा की उपलब्धता = 8,116.73 करोड़ यूनिट
- मार्च, 2022 तक ऊर्जा की उपलब्धता = 9,080.92 करोड़ यूनिट
- 2018-19 से 2021-22 तक वृद्धि-11.90%
- शुद्ध ऊर्जा उपभोग में वृद्धि- 15.53%
- सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता- 142 गीगावाट
- राजस्थान सौर ऊर्जा नीति 2019 में जारी की गई है। [नवीनतम]
- सड़क अवसंरचना-सड़क तंत्र आर्थिक विकास और सामाजिक एकीकरण का एक महत्वपूर्ण कारक है।
- वर्ष 1949 में सड़कों की लम्बाई 13,553 किमी. थी, जो मार्च 2022 तक **2,78,813.23 किलोमीटर** हो गई है।
- 31 मार्च, 2022 तक राज्य में प्रति 100 वर्ग किलोमीटर पर सड़कों का घनत्व **81.47 किलोमीटर** है। राष्ट्रीय सड़क घनत्व **[165.25 किमी.]** की तुलना में बहुत कम हैं।
  - राष्ट्रीय उच्च मार्ग - 10618.09 किलोमीटर
  - राज्य उच्च मार्ग - 17237.59 किलोमीटर
  - मुख्य जिला सड़क - 13270.93 किलोमीटर
  - अन्य जिला सड़क - 51224.52 किलोमीटर
  - ग्रामीण सड़क - 186762.10 किलोमीटर

रेलवे

- मार्च, 2021 तक राज्य में 6019 किलोमीटर
- भारत के कुल रेलमार्ग [68103 किलोमीटर] का 8.83%

राजस्थान इलेक्ट्रीकल व्हीकल नीति, 2022

- **अधिसूचना**- 31 अगस्त, 2022
- 1 सितम्बर, 2022 से 5 वर्षों के लिए प्रभावी

उद्देश्य

- व्यक्तिगत गतिशीलता और सार्वजनिक परिवहन दोनों क्षेत्रों में ईवी को अपनाने का समर्थन करना।
- सभी प्रकार के ईवी को पूरा करने वाले ईवी चार्जिंग स्टेशन और बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों के एक मजबूत नेटवर्क के निर्माण को सक्षम करना।
- राज्य के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी स्पेस में अनुसंधान एवं विकास कौर कौशल विकास को बढ़ावा देना।
- रिप्स- 2019 के तहत उचित प्रोत्साहनदेकर राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरियों के निर्माण को बढ़ावा देना।
- **लक्ष्य:**- नीति के अंत तक पंजीकृत होने वाले श्रेणीवार नये वाहनों में से 15% दोपहिया इलेक्ट्रीक वाहनों, 30% तिपहिया इलेक्ट्रीक वाहनों तथा 5% चौपहिया इलेक्ट्रीक वाहनों के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है।

अध्याय:-6. सेवा क्षेत्र

